पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राजभवन में राज्यपाल द्वारा किया गया ध्वजारोहण

विधान भवन पर राज्यपाल ने 75वें गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी

परेड में पहली बार प्रदर्शित हुई राजभवन का बैण्ड व झांकी

लखनऊः 26 जनवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजभवन में ध्वजारोहण किया तथा इस अवसर पर उपस्थित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व राज्यपाल जी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सेवा अभिलेखों के आधार पर राजभवन सुरक्षा के अधिकारियों, कर्मचारियों को 05 अति उत्कृष्ट सेवा पदक एवं 04 उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया। अतिविशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित होने वाले सुरक्षाकर्मी उप निरीक्षक श्री अनिल कुमार, श्री श्रीकांत पांडेय, श्री जसवंत सिंह, मुख्य आरक्षी श्री शत्रुजीत सिंह व श्री संतोष कुमार मिश्रा तथा उत्कृष्ट सेवा पदक पाने वाले मुख्य आरक्षी श्री उदयभान यादव, श्री राजकुमार, श्री पंकज कुमार एवं श्री राजेश को सम्मानित किया गया।

राजभवन में ध्वजारोहण के उपरान्त राज्यपाल जी ने विधान भवन पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस परेड की सलामी ली व परेड का अवलोकन किया। परेड में सेना, पुलिस, पी0ए0सी0, होमगार्डस, विभिन्न

विद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा विभिन्न विभागों एवं विद्यालयों द्वारा झांकी भी निकाली गयी। प्रदेश के स्थानीय कलाकारों ने भी समूह नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ दी।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन का बैंड व 'जन–जन का राजभवन' की थीम पर पहली बार राजभवन की झांकी निकाली गई, जिसमें विगत 04 वर्षों में राजभवन में हुए अभूतपूर्व परिवर्तन को दर्शाया गया। राजभवन की झांकी में राजभवन की विभिन्न गतिविधियों तथा उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय द्वारा नैक में उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिखाया गया। राजभवन बैंड में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन तथा भिक्षा से शिक्षा की ओर जुड़े बच्चों द्वारा उत्कृष्ट बैंड का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्य, स्थानीय सांसद, विधायक, वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं सेना के अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित थे।

——————

कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250